(Kerala), Shri R. Girirajan (Tamil Nadu), Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana), Shri Haris Beeran (Kerala), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shri A. A. Rahim (Kerala) and Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu).

Thank you Sanjay*ji*. Now, Shrimati Seema Dwivedi, 'Demand to provide hostel and canteen facilities to the students in Delhi'.

Demand to provide hostel and canteen facilities to the students in Delhi

श्रीमती सीमा द्विवेदी (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, मैं एक बहुत ही ज्वलंत मुद्दे पर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूँ, जो कि छात्रों से जुड़ा हुआ है। भारत युवाओं का देश है। हमारी सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर प्रयासरत और चिंतित है। मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए यह निवेदन करना चाहती हूँ कि राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली में देश के अलग-अलग राज्यों से जो बच्चे यहाँ पढ़ने व तैयारी करने के लिए आते हैं, उन गाँव-गिराँव व कमजोर तबके से आने वाले बच्चों की रिहाइश के लिए प्रदेशों द्वारा निर्मित राज्य अतिथि गृहों के तर्ज पर छात्रों के लिए भी हॉस्टल व कैंटीन का निर्माण करा कर उन्हें यह सुविधा दिल्ली व सभी राज्यों की राजधानी में मुहैया कराए जाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा इनका बहुतायत निर्माण कराए जाने व इनसे न्यूनतम सरकारी दरों पर इन छात्रों को आवंटित किए जाने के बारे में विचार करें, ताकि करोड़ों-करोड़ युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिले और साथ ही साथ उनकी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन हो सके।

महोदय, अभी दिल्ली में एक घटना घटी है, आप सबने उसको देखा होगा। मेरा सरकार से निवेदन है कि जो बच्चे पढ़ना चाहते हैं, जिनके अंदर टैलेंट है, लेकिन उनके माँ-बाप की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, इसलिए वे उनके लिए अच्छा नहीं कर सकते हैं, ऐसे बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए अगर सरकार विचार करती है, तो मैं समझती हूँ कि इससे युवाओं की प्रतिभा में बहुत निखार आएगा और इससे उनका भविष्य अच्छा होगा। मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहती हूँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shrimati Seema Dwivedi: Shri Ramji (Uttar Pradesh), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri R. Girirajan (Tamil Nadu), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Sant Balbir Singh (Punjab) and Shrimati Maya Naroliya (Madhya Pradesh).

Shrimati Renuka Chowdhury; Concern over increasing incidents of train accidents in the country.